पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राजभवन सूचना परिसर)

स्वतंत्रता दिवस पर राजभवन में आयोजित हुई सांस्कृतिक कार्यक्रमों की संध्या

बच्चों को अभिनीत पात्र के इतिहास की जानकारी भी दें

–राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राजभवन में आयोजित हुआ स्वल्पाहार कार्यक्रम

राज्यपाल जी से राजभवन में मुख्यमंत्री एवं गणमान्य व्यक्तियों ने मिलकर स्वतंत्रता दिवस की बधाई का आदान–प्रदान किया

लखनऊ : 15 अगस्त, 2023

प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा से 77वें स्वतंत्रता दिवस पर राजभवन में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ, जिसमें सिक्किम तथा गुजरात से आए कलाकारों, भिक्षा से शिक्षा की तरफ उन्मुख हुए 'उम्मीद' संस्था के बच्चों तथा राजभवन में अध्यासित परिवारों के बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं। राज्यपाल ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले सभी बच्चों का उत्साहवर्द्धन करते हुए

बधाई दी। देश प्रेम की भावना को अंगीकृत करते हुए प्रतिभागी बच्चों ने भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण किया और मधुर सामूहिक स्वरों में राष्ट्रीय भावना से ओत–प्रोत देश भक्ति के गीतों की प्रस्तुति दी। सिक्किम और गुजरात से आए प्रतिभागी बच्चों ने अपने राज्यों के लोकनृत्यों को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में 'उम्मीद' संस्था के बच्चों ने देशभक्तिपरक नृत्य प्रस्तुति से दर्शकों को सम्मोहित किया। राजभवन में अध्यासित परिवारों के बच्चों ने रामायण के लवकुश प्रसंग की भावपूर्ण नाट्य प्रस्तुति दी। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से दर्शकों में देश प्रेम का उत्साह और लोक संस्कृति के प्रति गौरवपूर्ण भावना और आकर्षण नजर आया। राज्यपाल जी ने इस अवसर पर कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले सभी बच्चों का उत्साहवर्द्धन करते हुए बधाई दी। उन्होंने आयोजकों से प्रस्तुतियों की समीक्षा करके भविष्य में गुणवत्ता सुधार करने को कहा। उन्होंने कहा कि बच्चों से नाट्य प्रस्तुति में जिस पात्र का अभिनय कराया जाए, उस पात्र का जीवन चरित्र और इतिहास में उसकी घटनाओं के प्रसंगों से भी बच्चों को अवगत कराया जाए। उन्होंने सिक्किम और गुजरात से आए कलाकारों से उत्तर प्रदेश भ्रमण के अनुभवों को भी पूछा।

इसके पूर्व एक अन्य कार्यक्रम में 77वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शाम को राजभवन में स्वल्पाहार का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी, उप मुख्यमंत्री श्री ब्रजेश पाठक, विधान परिषद के सभापति कु0 मानवेंद्र सिंह, मुख्य सचिव श्री दुर्गा शंकर

मिश्र, अपर मुख्य सचिव राज्यपाल डॉ0 सुधीर महादेव बोबडे, विशेष सचिव श्री बी0एन0 सिंह, जिलाधिकारी लखनऊ श्री सूर्यपाल गंगवार सहित प्रदेश के वरिष्ठ अधिकारियों तथा गणमान्य नागरिकों ने भाग लेकर राज्यपाल जी को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी।

डॉ0 सीमा गुप्ता/कृष्ण कुमार
सूचना अधिकारी, राजभवन
सम्पर्क सूत्र– 8318116361